# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी,भीलवाडा

पीठासीन अधिकारी–आल्हाद निवृत्ति सोमनाथ (आई.ए.एस.)

| प्रकरण संख्या | दायर दिनांक | निर्णय दिनांक |
|---|---|---|
| 214 / 2024 | 20.05.2024 | 11.06.2024 |

उनवान

1. मैसर्स नोगिया ब्रिक्स जरिये प्रोपराइटर श्री अजीत नोगिया पुत्र श्री रामदेव नोगिया जाति रेगर आयु वयस्क निवासी– भिनाय रोड, बान्दनवाड़ा श्रीराम धर्मकांटा, जिला अजमेर (राज०)

प्रार्थी

बनाम

1. तुलछी पत्नी स्व० जयराम गुर्जर आयु वयस्क निवासी– रामपुरिया तहसील एवं जिला भीलवाड़ा (राज०)
2. नारायण पुत्र स्व० जयराम गुर्जर आयु वयस्क निवासी– रामपुरिया तहसील एवं जिला भीलवाड़ा (राज०)
3. देवी लाल पुत्र रामा भील आयु वयस्क निवासी– मकान नम्बर 423 वेदवंती स्कूल के पीछे, वार्ड नम्बर 07 जवाहरनगर, भीलवाड़ा तहसील एवं जिला भीलवाड़ा (राज०)
4. रतन लाल पुत्र लालू कुम्हार आयु वयस्क निवासी रामपुरिया तहसील एवं जिला भीलवाड़ा (राज०)
5. भैरू पुत्र हजारी कुम्हार आयु वयस्क निवासी रामपुरिया तहसील एवं जिला भीलवाड़ा (राज०)
6. मांगी पुत्री हरलाल गुर्जर आयु वयस्क निवासी रामपुरिया तहसील एवं जिला भीलवाड़ा (राज०)
7. मोहनी पुत्री हरलाल गुर्जर आयु वयस्क निवासी– रामपुरिया तहसील एवं जिला भीलवाड़ा (राज०)
8. रतन पुत्र हरलाल गुर्जर आयु वयस्क निवासी– रामपुरिया तहसील एवं जिला भीलवाड़ा (राज०)
9. लादू पुत्र हरलाल गुर्जर आयु वयस्क निवासी– रामपुरिया तहसील एवं जिला भीलवाड़ा (राज०)
10. देवा पुत्र गोपी गुर्जर आयु वयस्क निवासी– रामपुरिया तहसील एवं जिला भीलवाड़ा (राज०)
11. परथू पत्नी स्व० गोपी गुर्जर आयु वयस्क निवासी– रामपुरिया तहसील एवं जिला भीलवाड़ा (राज०)
12. बदामी पुत्री सूरता गुर्जर आयु वयस्क निवासी– रामपुरिया तहसील एवं जिला भीलवाड़ा (राज०)

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा

13. सायरी पुत्री सूरता गुर्जर आयु वयस्क निवासी– रामपुरिया तहसील एवं जिला भीलवाड़ा (राज०)

14. नारायण पुत्र हजारी गुर्जर आयु वयस्क निवासी– रामपुरिया तहसील एवं जिला भीलवाड़ा (राज०)

15. छोगा पुत्र श्री खेमा गुर्जर आयु वयस्क निवासी रामपुरिया तहसील एवं जिला भीलवाड़ा (राज०)

16. नानूराम पुत्र श्री खेमा गुर्जर आयु वयस्क निवासी– रामपुरिया तहसील एवं जिला भीलवाड़ा (राज०)

17. किशन लाल पुत्र श्री करमा गुर्जर आयु वयस्क निवासी– रामपुरिया तहसील एवं जिला भीलवाड़ा (राज०)

18. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार, भीलवाडा (राज०)

–विपक्षीगण

उपस्थितः–अधिवक्ता प्रार्थी पृथ्वीराज चौधरी
अप्रार्थी संख्या 01 से लगायत 17 उपस्थित नहीं

**–: प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू–राजस्व अधिनियम :–**

–: निर्णय :–

संक्षेप में विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी ने अप्रार्थीगण के विरूद्ध प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू राजस्व अधिनियम, 1956 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि मौजा रामपुरिया प0ह0 रामपुरिया भू–अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र गुरला तहसील व जिला भीलवाडा की जमाबन्दी संवत 2069–2073 के खाता संख्या 343 की अभिलिखित आराजियात 806/302, 294/1, 294/2 कुल किता 03 कुल रकबा 3.8947 हैक्टेयर भूमि प्रार्थी की खातेदारी एवं कब्जे काश्त की है और अप्रार्थीगण जैर–बहस के पडौसी खातेदारान है। प्रार्थी एवं विपक्षीगण की आराजियात के बीच कोई स्थाई सीमा चिन्ह नही होने के कारण विवाद होता रहता है। अतः प्रार्थी खातेदारी आराजियात की मौके पर अभिलेख अनुसार नपती की जाकर मौके पर स्थाई सीमा चिन्ह स्थापित कराना चाहता है। प्रार्थी वर्णित भूमि के खातेदार काश्तकार है।

इस पर प्रार्थी के प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 01 से लगायत 17 उपस्थित नहीं। प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित। वकील प्रार्थी द्वारा प्रकरण का निस्तारण आज ही किये जाने की ईश्तदुआ की गई। हाजिर वकील प्रार्थी द्वारा निवेदन किया गया कि मामला पत्थरगढी का है व प्रार्थी अपनी आराजियात की पत्थरगढी कराना चाहते है। हमने प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। चिंतन मनन् किया एंव पत्रावली को वास्ते आदेश नियत किया गया।

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा

हमने पत्रावली में प्रार्थीगण की ओर से प्रस्तुत राजस्व अभिलेख नकल जमाबन्दी का अवलोकन किया गया। प्रकरण के तथ्यों व बहस पर मनन किया। प्रार्थीगण आराजियात जैरबहस के खातेदार काश्तकार होकर इन्हे आराजियात जैर बहस की नपती करा सीमांकन (पत्थरगढी) कराने का अधिकार निहित है। उपर्युक्त विवेचन के कम में प्रार्थीगण प्रार्थना पत्र में अंकित भूमि के खातेदार होने से सीमांकन (पत्थरगढी) कराने के अधिकारी होने से प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू राजस्व अधिनियम, 1956 स्वीकार किया जाता है।

तहसीलदार भीलवाडा को सीमांकन(पत्थरगढी) कराने का आदेश दिया जाता है कि मौजा रामपुरिया प0ह0 रामपुरिया भू–अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र गुरला तहसील व जिला भीलवाडा की जमाबन्दी संवत 2069–2073 के खाता संख्या 343 की अभिलिखित आराजियात 806/302, 294/1, 294/2 कुल किता 03 कुल रकबा 3.8947 हैक्टेयर भूमि की पत्थरगढ़ी कार्य संपादन से पूर्व फरिकेन मुकदमा को सूचित किया जावे। पत्थरगढ़ी का आशय पक्षकारों की उपस्थिति में निशानात कायम करने भर से है। इस आदेश में किसी पक्ष की बेदखली व कब्जा देने की कार्यवाही नहीं की जाए तथा किसी न्यायालय का स्थगन न हो तो एवं मौके पर फसल खडी न हो तो बन्दोबस्ती नक्शे अनुसार नपती की जाकर सीमा चिन्ह स्थापित कर सीमांकन(पत्थरगढी) हेतु तहसीलदार भीलवाडा को 1000–00 अक्षरे एक हजार रूपये शुल्क पर मौका कमिश्नर नियुक्त किया जाता है, कमिश्नरी शुल्क रिकार्ड विधिवत संधारित किया जाकर पालना रिपोर्ट मय पर्चा मौका आगामी 15 दिवस में आवश्यक रूप से पेश करे, तथा कमिश्नरी फीस प्रार्थीगण से मौके पर प्राप्त करे। तहसीलदार भीलवाडा को तहरीर जारी करे।

पत्रावली की निर्णित इन्द्राज की जाकर बाद आवश्यक कार्यवाही अभिलेखागार में भिजवाई जावे। निर्णय आज दिनांक 11.06.2024 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ)
उपखण्ड अधिकारी
भीलवाडा